ons of Con
shad (UPA

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
(प्रोजेक्ट वृत्त)
1A, महात्मा गांधी मार्ग, ...

/पी0सी0/निविदा/ दिनांक–

M/s. Shapoorji Paloonji & Co.Pvt Ltd.
9th floor, Videocon tower, Block-E-I,
Jhandewalan Extn. New delhi-110055

विषय: आम्रपाली योजना, हरदोई रोड लखनऊ के सेक्टर एच–6 में आम्रपाली इन्क्लेव में के अन्तर्गत समाजवादी आवास योजना के 1044 नग एवं एस0एफ0एस0–2015 के अन्तर्गत 216 नग फ्लैट्स के निर्माण कार्य की निविदा स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बध में सूचित करना है कि दिनांक 02.12.2015 को उक्त कार्य हेतु खोली गयी निविदा में आप द्वारा दी गई दर के कम में आपके पत्रांक–SPCPL/DEL/UPHDB/Amrapali Lko/2015/03 दिनांक 06.01.2016 द्वारा दी गयी निगोशिएटेड दरें आम्रपाली योजना हरदोई रोड, लखनऊ के सेक्टर एच–6 में प्रस्तावित आम्रपाली इन्क्लेव के अन्तर्गत समाजवादी आवास योजना के 1044 नग एवं स्व वित्त पोषित योजना–2015 के 216 नग बहुमंजिलें आवासीय फ्लैट्स के निर्माण कार्य की निविदा सक्षम अधिकारी द्वारा निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन निविदा दरों की स्वीकृति प्रदान की गयी है:–

| क्र0 | कार्य का नाम | बी0ओ0क्यू0 की लागत (रू0 में) | स्वीकृत दर | निविदा लागत (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Engineering, procurement and construction of multi-storeyed residential finished flats Under Samajwadi AwasYojna 1BHK & 2BHK (1044 Nos.) & 261 No. SFS-2015 Flats as per approved drawing including basement, based on RCC monolithic shear wall technology using aluminium frame work including soil testing, structural design, construction of boundry wall, community centre, Transformer & DG set for power backup and all Lifts and all internal development etc. as per approved drawing & design complete in all respect ready to move in for living condition. | रू0 2253499998.96 | निविदा की बी0ओ0 क्यू0 में अंकित दरों से 24.65 प्रतिशत (चौबीस दशमलव छः पाँच) प्रतिशत अधिक | रू0 2808987748.70 |

(रू0 दो सौ अस्सी करोड़ नवासी लाख सत्तासी हजार सात सौ अड़तालिस एवं सत्तर पैसे मात्र)

नियम एवं शर्तें:–

1- बिड डाक्यूमेन्ट की समस्त शर्तें यथा संशोधित (निगोशिएटेड) इस स्वीकृति पर लागू होंगी।
2- उपरोक्त स्वीकृत दरों में सेवाकर सम्मिलित नहीं है। इसका भुगतान अलग से देय होगा।
3- उक्त दरों में पाइलिंग कार्य, स्वायल टेस्टिंग आई0आई0टी से वेटेड स्ट्रक्चरल डिजाइन, सामग्री, लेबर टी0 एण्ड पी0, मशीनरी, आर0एम0सी0 प्लान्ट एवं अन्य समस्त विधाएं जो कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक हैं, सम्मिलित हैं।
4- पाइल फाउन्डेशन का कार्य न कराये जाने की दशा में निविदा लागत में प्राविधानित पाइलिंग कार्य की लागत का भुगतान फर्म को नहीं किया जायेगा तथा इस संबंध में फर्म का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।
5- उपरोक्त दरों में लेबर सेस, रॉयल्टी, वैट, ई0एस0आई0 आदि समस्त कर सम्मिलित हैं। सेवाकर के अतिरिक्त और कोई अन्य कर देय नहीं है।

E.E. A.E. S.E. E.E.

अनुबन्ध गठित होने के उपरान्त भी यदि यह संज्ञान में आता है कि सम्बन्धित फर्म/निविदादाता सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों/असामाजिक कार्यों में एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो अनुबन्ध निरस्त कर दिया जायेगा।

बेसमेन्ट में क्रिस्टलाइन वाटर प्रूफिंग ट्रीटमेन्ट का कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ सम्पादित कराया जायेगा, जिसके लिए फर्म को 10 वर्ष की गारन्टी देनी होगी।

निविदा की शर्तों के अनुसार उक्त दरों में स्कोप आफ वर्क में सम्मिलित समस्त कार्यों का सम्पादन किया जाना शामिल है।

निविदा की शर्तों के अनुसार सीमेन्ट व स्टील की दरों में कमी/वृद्धि किये जाने हेतु मुख्य अभियन्ता(एन जेड–2) सी0पी0डब्लू0डी0 लखनऊ द्वारा आदेश संख्या–3036 दिनांक 26.11.2015 द्वारा लागू दरों को आधार माना जायेगा।

निविदा की शर्तों के अनुसार अनुबन्धित फर्म को कार्य की आवश्यकतानुसार सुसंगत विशिष्टियों के अनुरूप रेन वाटर हार्वेस्टिंग का एक जाब(कार्य) पूर्ण करना होगा और इसके लिये कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा।

निविदा की स्वीकृत लागत में फर्म को परिषद द्वारा अनुमोदित ले–आउट प्लान, लेविल्स, भवन मानचित्र एवं निर्धारित विशिष्टियों के अनुरूप कैम्पस का आन्तरिक एवं वाह्य विकास कार्यों सहित रेडी टू मूव फ्लेट्स का निर्माण उच्चतम गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में कराया जायेगा।

आपसे अपेक्षा की जाती है कि पत्र निर्गत होने के 15 दिन के अन्दर निम्न प्रपत्रों के साथ अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–21, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, आफिस काम्प्लेक्स वृन्दावन योजना लखनऊ में उपस्थित होकर अनुबन्ध निष्पादित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

- निविदा की शर्तों के अनुसार परफारमेन्स गारन्टी/सिक्योरिटी रू0 140449388.00 अपेक्षित हैं, जिसकी वैद्यता 36 माह से कम नहीं होनी चाहिए।
- अनुबन्ध गठन हेतु रू0 100.00 का नान–ज्यूडिशियल स्टैम्प पेपर।
- रू0 100.00 के नान–ज्यूडिशियल स्टैम्प पेपर पर इस आशय की घोषणा कि यदि भविष्य में उ0प्र0 शासन द्वारा स्टैम्प ड्यूटी में वृद्धि की जाती है, उसके लिए फर्म उत्तरदायी होगी।
- अनुबन्ध गठित करने हेतु फर्म द्वारा अधिकृत व्यक्ति की प्रमाणित फोटो एवं प्राधिकार पत्र, जो अनुबन्ध पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत हो।

निर्धारित अवधि में औपचारिकतायें एवं परफारमेन्स गारन्टी प्रस्तुत न करने पर निविदा निरस्त की जा सकती है, ऐसी स्थिति में जमानत धनराशि जब्त कर ली जाएगी, जिसके लिए फर्म का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।

भवदीय,

(एस0के0रायतानी)
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांक: 55 / / दिनांकः– 29.1.16

प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (म0) उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद मुख्यालय लखनऊ।
2. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–21, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद लखनऊ को निविदा प्रपत्रों के साथ आवश्यक कार्यवाही हेतु।

अधीक्षण अभियन्ता

AE-IV /AAO
EE 30-01-16